सत्यमेव जयते

राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

**विनय कुमार सक्सेना**
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

DO: आर॰ एन/2024/338
दिनांक: 11-09-2024

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री धार्मिक लीला कमेटी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 अक्टूबर 2024 से 13 अक्टूबर 2024 तक, **दशहरा उत्सव व रामलीला का 101वां** आयोजन कर रही है। मैं, इसके लिए कमेटी के सभी पदाधिकारियों और विशेषकर, इसके महासचिव श्री धीरज बंसी धर गुप्ता जी का धन्यवाद करता हूँ, जिनका परिवार 1924 से लगातार, इस भव्य धार्मिक लीला का आयोजन और संचालन करता आया है।

मुझे खुशी है कि देश और विदेश के कई गणमान्य अतिथि इस भव्य धार्मिक लीला की शोभा बढ़ा चुके हैं। इस आयोजन में हर वर्ष लाखों लोगों की भागीदारी, इसकी सफलता की कहानी बयां कर रही है। 'दशहरा आयोजन' का यह पर्व, सभी धर्मों के लोगों का एक महाकुंभ भी है, जो हमारी एकता का प्रतीक है।

प्रभु श्री राम का संपूर्ण जीवन, समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच आपसी सद्भाव, भारतीय संस्कृति और मानव मूल्यों की रक्षा करने के लिए हमें प्रेरित करता है, इसलिए ही वह **'मर्यादा पुरुषोत्तम'** भी हैं। मैं, श्री धार्मिक लीला कमेटी को **धार्मिक स्मारिका** के प्रकाशन पर बधाई देता हूँ और इस रामलीला के सफल मंचन के लिए सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

**(विनय कुमार सक्सेना)**